बाबा तेरी लाज,
बचाने आएगा।।

तर्ज दिल का सूना साज।
(चल भोले के द्वार)

श्लोक मुझसे मत पूछिए,
की बाबा क्या क्या देते है,
हाथ भी उठने ना पाए,
दिला देते है,
अरे ऐसे है दानी मेरे श्याम बाबा,
अपने भक्तो पे सर्वस्व,
लुटा देते है।

बाबा तेरी लाज,
बचाने आएगा,
पूरा रख विश्वास,
जिताने आएगा,
तुझपे अपना प्यार,
लुटाने आएगा,
बाबा तेरी लाज,
बचाने आएगा,
पूरा रख विश्वास,
जिताने आएगा।।

लोग बदल जाए चाहे सारे,
श्याम नहीं बदलेगा,
आंसू से ही पिघलता आया,
आंसू से ही पिघलेगा,
कर्ज तेरे आंसू का,
चुकाने आएगा,
बाबा तेरि लाज,
बचाने आएगा,
पूरा रख विश्वास,
जिताने आएगा।।

आज तुझे जो आँख दिखाते,
नजर मिला नहीं पाएंगे,
कोशिश करके भी वो तेरा,
बुरा नहीं कर पाएंगे,
श्याम तुझे सीने से,
लगाने आएगा,
बाबा तेरि लाज,
बचाने आएगा,
पूरा रख विश्वास,
जिताने आएगा।।

आज जो ठोकर मार रहे है,
वो ही कदम तेरे चूमेंगे,
उगते सूरज के जैसे ही,
लोग तुझे भी पूछेंगे,
श्याम तेरी किस्मत को,
जगाने आएगा,

बाबा तेरि लाज,
बचाने आएगा,
पूरा रख विश्वास,
जिताने आएगा।।

इज्जत के गहने की कीमत,
सांवरियां ही पहचाने,
अपनी लाज से बढ़कर मोहित,
भगत की लाज को ये माने,
श्याम तेरे गुलशन को,
सजाने आएगा,
बाबा तेरि लाज,
बचाने आएगा,
पूरा रख विश्वास,
जिताने आएगा।।

बाबा तेरी लाज,
बचाने आएगा,
पूरा रख विश्वास,
जिताने आएगा,
तुझपे अपना प्यार,
लुटाने आएगा,
बाबा तेरी लाज,
बचाने आएगा,
पूरा रख विश्वास,
जिताने आएगा।।

Source: https://www.bharattemples.com/baba-teri-laaj-bachane-aayega/

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw